Support to Regional Aquatic Resources Management

DFID NRSP Research Project R8100
Investigating Improved Policy on Aquaculture Service Provision to Poor People
March 2002 – May 2003

Mahajal – The Big Fishing Net

A Street-play Performed at the Policy Review Workshop
Noida, Delhi
24-25 April 2003

In Association With
Gramin Vikas Trust (GVT)

Investigating Improved Policy on Aquaculture Service Provision to Poor People

Mahajal – The Big Fishing Net
A Street-play Performed at the Policy Review Workshop
Noida, Delhi
24-25 April 2003

In Association with
Gramin Vikas Trust (GVT)

DFID NRSP Research Project R8100
March 2002 – May 2003

Rakesh Raman

Contents

The Street-play and Theatre Troupe 1

Hindi Script 5

English Script 21

The Street-play and Theatre Troupe

Mahajal – The Big Fishing Net was written by Mr Rakesh Raman, a playwright from Ranchi, Jharkhand, and performed by his theatre troupe on three occasions:

> On 19 and 20 April 2003 in two of the villages of the street-play's inspiration in Ranchi – Fulwar Toli in Bundu Block and Chhota Changru in Silli Block, and
> On 24 and 25 April at the Policy Review Workshop held in Noida, Delhi.

The street-play was written as an interpretation of the collective outcomes of the six project Case Studies carried out in Jharkhand, Orissa and West Bengal – with the six texts, four PowerPoint presentations and three CD-ROM film documentaries as the playwright's source material.[1]

Act One sets the scene of fisherfolk's livelihoods and the difficulties they face in a tribal village. Act Two places the project's policy change recommendations within the context of the characters' lives and aspirations.

Before *Mahajal's* performance in Noida, Delhi, the theatre troupe traveled on two days to Fulwar Toli and Chhota Changru, where Act One was performed and the respective Case Study film documentaries – "A Proactive Village" and "A Progressive Farmer" – were also screened using a lap-top, projector and generator. During the Policy Review Workshop, Act One was performed at the conclusion of the first day, and Act Two in the middle of the second day.[2]

The members of the theatre troupe included:

Mr Rakesh Raman	Director and Technical Officer
Ms Meena Raman	Production Manager
Mr Shankar Oraon	Nat (Male Narrator)
Ms Rankita Raman	Nati (Female Narrator)
Mr Kisan Prasad	Baba (Old Man)
Mr Rajendra Mirdha	Machhua
Ms Gauri Das	Sugni
Mr Ramesh Kumar	Raghua
Mr Ashok Kumar	Nandu
Mr Pawan Kesri	Tena
Mr Mayank Raman	Jitu
Mr Parmeshwar Sahu	Kaku
Ms Nira Oraon	Machali Rani (Queen Fish)
Mr Manish Kumar	District Officer
Mr Chotu Panda	Drumist and Singer

[1] These materials are available in the "Case Studies" publication and on the project CD-ROM.
[2] The proceedings are documented in the "Policy Review Workshop" report, also on the CD-ROM.

Fulwar Toli, Bundu, Jharkhand

Chhota Changru, Silli, Jharkhand

Policy Review Workshop, Noida, Delhi

Hindi Script

महाजाल

(मछुआरों के जीवन पर एक लघु नाटक)

नटी मछली का टोकरा सिर में ढोये होने का अभिनय करती हुई प्रवेश करती है और चारों ओर घूमती है, नट उसे आश्चर्य से देखता हुआ पूर्णरूपेण अतिनाटकीय प्रतिक्रिया करता है...

नटी : मच्छी[[ले लो..... मच्छी[[[ले लो.....

नट : ;हाव भाव बनाता, मुह बिदकाताद्ध मच्छी !!... छि !

एक कोने से आरम्भ होकर यह क्रम एक बार और दुहराया जाता है.

नटी : मच्छी[[ले लो..... मच्छी[[[ले लो.....

नट : ;हाव भाव बनाता, मुह बिदकाताद्ध मच्छी !!... छि !

भीड़ लगने की स्थिति को देखते हुए यह क्रम पुनः चलाया जा सकता है, यथेष्ठ दर्शक जुटते ही

नटी : मच्छी[[ले लो..... मच्छी[[[ले लो.....

नट : ;पीछे से अचानक कूद कर सामने आता हैद्ध ऐ मेरी दिलदार, ये क्या किया तैयार... अरे यह क्या लेकर चली... कुछ न बताया, मुझे तू छली ?

नटी : अय हाय मेरे सरकार, पिफर हो गए बीमार... भूल गए आज क्या दिखलाना है, हमारी जनता को आज क्या समझाना है ?

नट : अरी बावरी, इधर तो ताक री... जब मैं हूं नट, तो कैसे भूलूं झट... अपना काम तो जाना पहचाना है...

नट और नटी : हर तरह के नाटक, जनता को दिखलाना है...

नटी : तो हो जाएं शुरू...

दोनों ईशारे करते हैं और एक साथ मिलकर नृत्य करते हुए गाते हैं..

नट और नटी : रे भइया कहानी हम बतलाते हैं... रे भइया...

नट : बात पते की बतलाते हैं... रे भईया...

नटी : रे भईया कहानी दूर गांव की है...

नट : पीपर के ठण्ढे छांव की है.... रे भईया...

नटी : श श श.... चुप... देखो तो कौन आ रहा है मेरे सरकार...

नट : आय हाय मेरी दिलदार... ये तो, ये तो अपनी....

नटी : अ हं हं हं मेरे सरकार... कुछ ना कहना, अभी हमें है चुप ही रहना, चुप ही रहना....

महाजाल / 2

एक धुन उभरता है और उसपर नृत्य करती मछली रानी आती है, पार्श्व से गायन होता है.

गीत : मैं हूं मछली जल की रानी
जीवन मेरा है जी पानी
हाथ ना लगाना डर जाऊंगी
बाहर ना लाना मर जाऊंगी...

मैं हूं मछली जल की रानी
जीवन मेरा है जी पानी

गीत रुकता है और मछली रानी चली जाती है, इसके साथ ही जड़वत् हुए नट–नटी पुनः चैतन्य होते हैं—

नटी : मेरे सरकार ! इसकी क्या थी दरकार... मछली रानी का मतलब क्या है...

नट : अरी दिलदार, ना कर तकरार... मछली रानी आई है, संग संदेशा लाई है...

नट+नटी : कि भाई ये कहानी मछुआरों की है, किस्मत के मारों की है...

नट : गांव है दूर–दराज का, सड़क और बिजली के अकाज का...

नटी : चार कोस पैदल चलकर सड़क पाते हैं, बिजली बाती ना रहने से सांझ ढले सो जाते हैं...

नट : इसी गांव में रहता है हमारा हीरो मछुआ...

नटी : उसकी पत्नी सुगनी और उसका मीता रघुआ...

अन्तिम दोनों संवाद कहते हुए पुनः किनारे जाकर जड़वत् हो जाते हैं. इसी बीच एक ओर चार लोग बैठकर ताश खेलने का दृश्य बना लेते हैं... नट–नटी का संवाद खत्म होते ही रघुआ दौड़ता हुआ आता है...

रघुआ : अरे ए भाई लोगों... कुछ सुना... गजब हो गया गजब...

उसके घबराये हुए आने से सभी चौंकते हैं और खेल छोड़कर हठात् खड़े जाते हैं...

काकू : अरे बात का है रघु...

नन्दू : का गजब हो गया ?

रघुआ : नन्दू भईया ! ऊ अपना मछुआ है न ! मछुआ !!

टेना : हां हां, क क का हुआ उस उस उसको...

रघुआ : पागल हो गया टेना, पागल...

काकू : अरे चुप ! अभी सबेरे तो एक घंटा हमरे साथ था... हमलोग साथ–साथ पोखर गए थे... जाल लेकर...

रघुआ : हां–हां, उधरे से लौट कर तो आया और घर से महाजाल निकलाया...

जीतू : महाजाल !! अभी इतना पानी कहां हय पोखर में...

रघुआ : अरे पानी का जीतू भइया... आग, आग लगाने जा रहा है उसमें...

काका : का ? महाजाल में आग ! चलो चलो...

सभी एक ओर निकलते हैं और पुनः नट–नटी चैतन्य होते हैं...

नट : तो लीजिए मेहरबान... देखिए कहानी महाजाल...

नटी : तेजी का जमाना है कदरदान, इनके इनके पहुंचने से पहले देखिए मछुआ का हाल...

नट नटी पुनः किनारे जाकर जड़वत् होते हैं और मछुआ दिखलाई पड़ता है... जो चिल्ला रहा है —

मछुआ : कहां मर गयी... हम तभी से दियासलाई मांग रहे हैं... का पूरा गांव में एक भी माचिस नहीं है माचिस लाओ... सुगनी !... सुगनी !!... कहां मर गयी...

सुगनी : मर ही जाती तो अच्छा था... हम कितना समझाएं तुमको...

मछुआ : कुछ समझाने–उमझाने की जरुरत नाहीं हय... हमारा फैसला अटल है...

सुगनी : तो हम कब इनकार कर रहे हैं, हम तो खुद ही साल भर से तुमको कह रहे हैं... कोई नया काम करो, मगर ई सब बच्चा जइसा जीद काहे को ?

मछुआ : अब तुम जिद समझो चाहे जो हमको यह सब खतम करना है बस !

सुगनी : तुमरे खतम करने से सब खतम हो जाएगा ?

मछुआ : होए चाहे नाहीं... हमरे जिनगी से तो खतम होएगा !... अब अपनी जिंदगी में कभी मच्छी मारने का नाम भी नहीं लेंगे... मच्छी तो का, हम मच्छी का जाल, बंसी को देखेंगे भी नहीं...

सुगनी : इतना गुस्सा ?

मछुआ : इससे भी बहुत... लाओ दो, कहां हय दियासलाई ?

सुगनी : हम अभी देते हैं दियासलाई, पर अपने कलेजे पर हाथ रखकर एक बात कहो...

मछुआ : देख सुगनी, पिफर हमको बात में मत बहलाव...

सुगनी : तुम का बच्चा हो जो हम बहला लेंगे...

मछुआ : अच्छा बोल का पूछती है ?

सुगनी : पहले अपने कलेजे पर हाथ तो रखो...

मछुआ : ओह... लो रख दिया, अब कहो जल्दी और माचिस दो...

सुगनी : पिफर गुस्सा !! एक छिन के लिए गुस्सा दूर करो और कहो – का सच में तुमरा हिरदय में मछली का काम से नपफरत हो गया है ?

मछुआ : अ अ ;बिल्कुल करंट लगने जैसा अपना हाथ हटाता हैद्ध देख सुगनी... ह हमको भटका मत, हम अब ई सब सोचना भी नहीं चाहते हैं, समझी !

सुगनी : तो मत सोचो न !... तुम कहो तो अभी रोटी बांध दें, चले जाओ सहर काम खोजने...

मछुआ : सो तो हम जाएंगे ही... तू अभी माचिस दे दे बस !

सुगनी : पिफर वही जिद... कहो तो यह महाजाल किसका है ?

मछुआ : किसका क्या, तुम जानती ही नहीं जैसे... यह हमारा पुश्तैनी जाल है...

सुगनी : तो पिफर तुम इसे नहीं जला सकते... अभी बाबा जिन्दा हैं, जाओ पहले उनको पूछ कर आओ, पिफर जो मरजी आये करना...

मछुआ : ओ ओह...

भारी गुस्से में पैर पटकता निकल जाता है... सुगनी बेबस सी देखती अंदर चली जाती है... मछली रानी पुनः नृत्य करती आती है... पार्श्व से गीत चलता है उसी धुन पर...

गीत : मछली–मछली जल की रानी
जीवन तेरा है री पानी
कहां निकलकर किधर जाएगी
बाहर जो निकली मर जाऊंगी...

मछली–मछली जल की रानी
जीवन तेरा है री पानी

मछली रानी चली जाती है, नट–नटी पिफर चैतन्य होते हैं –

नट : अब तो बात बढ़ जायेगी... गांव के बड़े–बुजुर्ग तक जाएगी...

नटी : उधर गांव के लड़के मछुआ के घर धये... लेकिन मछुआ को ढूंढ़ न पाये...

नट : सारी बात पता चली जब सुगनी से... छिड़ गयी बहस इस अग्नि से...

अपने अपने संवाद के साथ नट नटी पुनः किनारे जाकर जड़वत् होते हैं . और गांव के युवक रघुआ, जीतू, काकू, नन्दू, टेना आदि ग्रामीण परिवेश में बहस करते हुए दिखलाई पड़ते हैं...

रघुआ : अरे का ठीक कर रहा है ! हमलोग मछुआरा जाति हैं... यही हमारा काम है...

काकू : एकदम सही बोलता है रघु... इसी काम में जीना और इसी में मरना है....

नन्दू : अरे जा जा... बात करने में का जाता है, जब मरने का मौका आएगा तब पता चलेगा !

जीतू : पता कहते हो भईया... सारी हेकड़ी निकल जाएगी...

टेना : अरे का क क कहते हैं न ! पढ़े क क कपार तो बूझे गं गं गं...

नन्दू : गंवार...

टेना : हां हां... ओही ओही...

रघुआ : अरे चुप कर थोथड़ा कहीं का...

काकू : एई रघू... ई ठीक बात नहीं है...

रघुआ : अरे का ठीक नहीं है... ई लोग बात को समझता नहीं है... बाघ को घांस खाते देखा है, कि हरिण को सिकार करते देखा है ! सब अपना अपना काम करते हैं... समझा...

काकू : हां रे जीतू, रघु का बात ठीक है... अपना धरम छोड़ने से आदमी कहीं का नहीं रहता है...

नन्दू : तो का हो जाता है, मच्छी मारने का छोड़ के दूसरा काम करेंगे तो का हमारा माथा में सींग उग जाएगा !

जीतू : और नहीं तो का ! सब काम करने वाला अदमी का तो जइसे दूसरा दूसरा खून का रंग रहता है ! अरे सब का ओही दू गो हांथ गोड़ होता है काकू...

रघुआ : देखो जीतू, तुम ढेर ताव में मत बोलो... ई खाली तुमरा बात नहीं है बूझा...

जीतू : अरे बाह ! हमहीं ताव में बोल रहे हैं ! बहस कोन चालू किया ?

नन्दू : आउर जब ई पूरा बसती का बात है, तब तुम पफैसला करने वाला कोन है...

रघुआ : देख नन्दू हमको गुस्सा मत दिलाव कह देते हैं...

जीतू : अरे चल, का करेगा रे तुम...

रघुआ : देखना है का !...

काकू : बस बस, आपस में झगड़ा का कोई बात नहीं है, जब पूरा बस्ती का बात है तब पफैसला बाबा करेंगे और कोई नहीं...

नन्दू : हां, ई ना हुआ काम का बात...

टेना : हम तो प प पहिले ही क क कहने च च च चाह रहे थे, मगर क का क क करें...

रघुआ : चलो बाबा अभी बेल चबूतरा के पास होंगे... वहीं चलते हैं...

वे लोग चल पड़ते हैं, नट नटी पुनः चैतन्य होते हैं...

नट : मेरी दिलदार जरा देखो इस गांव में क्या से क्या हो गया है...

नटी : देख रही हूँ मेरे सरकार... मछुआ के छोटे से गुस्से से सबका चैन खो गया है...

नट : सो सब तो ठीक है प्यारी... मगर सुगनी पर है विपदा भारी...

नटी : काहे की विपदा मेरे सरकार...

नट : बेचारी दुःख की मारी है, सुबह से मछुआ का समझा समझा और खुद सोच सोच कर हारी है

अपने अपने संवाद के साथ नट नटी पुनः किनारे जाकर जड़वत् होते हैं . बेचैन टहलती सुगनी दिखलाई पड़ती है...

सुगनी : ओह... हम का करें... हमरे चलते इनको गुस्सा हुआ... अह... अब पूरा बस्ती में घर का बात सब हमरे बारे में का सोचेंगे... अब सोचेंगे तो सोचें... हम भी का करते– कुछ उपाय तो होना चाही... अरे हम अपना बचवा को थोड़ा पढ़ाना चाहे, थोड़ा बढ़िया से रहने का सपना देखे... तो का हम गलती कर दिये... ! लेकिन ई सब का हो गया... पूरा बसती में बात... हम जाते हैं... बाबा को अपने मन का सब बात बताते हैं...

सुगनी भी चल पड़ती है. नट नटी पुनः चैतन्य होते हैं –

नटी : हूं... तो अब होगा असली खेल...

नट : बाबा के आंगन में सबका मेल...

नटी : पिफर हमारा यहां अब क्या काम है मेरे सरकार...

नट : मेरी दिलदार... अभी तो कहानी खतम हुई नहीं... अभी से जाने को तो तइयार...

नटी : ओह होह.... तो चलो भाइयो आपको लिए चलते हैं...

नट+नटी : वहां, जहां बाबा बैठे हैं और मछुआ को समझा रहे हैं...

अपने अपने संवाद के साथ नट नटी पुनः किनारे जाकर जड़वत् होते हैं . बाबा चबूतरे पर बैठे हैं और मछुआ सामने खड़ा है...

बाबा : तेरी बात ठीक है बेटा... लेकिन इससे जीवन नहीं चलता...

मछुआ : देखो दद्दू, जीवन चलता तो हम अइसी बात ही करते... तुम समझते काहे नहीं, हम मछुआरों का जीवन चल नहीं रहा है, ठहर गया है... दुनिया कहां से कहां चली गयी, हम वहीं के वहीं हैं

बाबा : उसमें भी हमारी ही कमी है बेटा, मगर हम दूसरी बात कह रहे थे...

मछुआ : क्या दूसरी बात दद्दू ?

बाबा : बेटा जरा सोचो.. एक देश के सारे किसानों को पता चला कि सरसों उपजाने से ज्यादा लाभ किसी चीज में नहीं है इसलिए सारे किसान सिरपफ सरसों उगाने लगें तो का होगा ?

मछुआ : होगा का बाबा, सब मालामाल हो जाएंगे, जिनगी सुधर जाएगी...

बाबा : यही बात सोचने की है मछु... सरसों से पैसा तो आ जाएगा लेकिन सिरपफ सरसों से पेट नहीं भरेगा... दुकान में भी जमा चावल, दाल, गेहूं कितने दिन रहेगा... दो चार बरस में ही बस पैसा रहेगा और सरसो... तब का होगा ?

इसी बीच ग्रामीणों का दल आकर जमा हो जाता है...

मछुआ : हम समझ गए दद्दू...

रघुआ : अरे का समझ गए... तुमरा चलते पूरा बसती परेसान है...

बाबा : का हुआ रे रघुआ, काहे इतना गरम है ?

रघुआ : होगा का बाबा, ओही बहस... ई सब मछली मारने का छोड़ के दूसरा धंधा करना चाहता है...

बाबा : करने दे न तब... पेट के लिए तो सब जुगाड़ करना पड़ता है... लेकिन धंधा छोड़ने का कोई जरुरत नहीं है... ऊ भी करो और ई भी करो...

जीतू : नईं नईं बाबा... ई मछली मारने से हमको का मिला है.... हम कोई दूसरा काम करेंगे... अरे अपना कहने को घर तक नहीं है हमारा... पूरा बस्ती में कितना आदमी के पास रहने लाईक घर है ?

बाबा : तो दूसरा धंधा करके तेरा घर बन जाएगा ?

रघुआ : हां, बिजली का बटम है कि दबाये और बत्ती जला...

नन्दू : अरे तो अपना ही धंधा करने से कहीं ई गांव में अभी तक बिजली आया है !! एक ठो गाड़ी तक तो आ नहीं पाता है....

मछुआ : जो भी हो, हमको तो जीतू का बात सही लगता है... हम मछुआरे पता नहीं कब से ऐसे ही खनाबदोसों की तरह रहते हैं... जिसको जहां समझ में आया टीन टपरा डाल कर घर बना लिया. ना किसी के पास घर का कागज पत्तर है ना किसी को हमारी फिफकर है...

रघुआ : खैर, ई बात का डर तो हमको भी लगता है, पता नहीं कब कोई अइसा वइसा ऑफिफसर आएगा और हमलोगों को बेदखल कर देगा, तब का होगा ?

बाबा : बात तो ठीक है बेटा, अब पहले का जमाना नहीं है कि राजा महाराजा को एक बड़ी मछली पकड़ कर दे दिया और दो–चार पुश्तों के लिए निश्चिंत हो गए... हमारे घर का कुछ कागज पट्टा तो होना ही चाहिए...

नन्दू : इसीलिए न हम हजार बार कहते हैं कि अपने बस्ती का कोपरेटिव बना लो...

जीतू : अंह ! कोपरेटिब बना लो ! जइसे आज तक कोपरेटिव बनबे नहीं किया हय ? अरे दसों बार तो कोपरेटिव बना... मगर उसका पफायदा का हुआ... चार दिन का चांदनी पिफर अंधेरिया रात

काका : हां हां... पिछला बार तो बहुते खराब हुआ भाई... भला तलाब पोखरा का पता ही नहीं और ओपिसर लोग आ के कोपरेटिव बनवा दिया... आखिर एतना आदमी का पोसाई के लिए तलाब पोखरा रहेगा तब न कोपरेटिव का कमाई से घर चलेगा...

बाबा : अब समय दूसरा हो गया है बेटा... हमारे जमाने में तो इसी बस्ती के आस पास बावन पोखर थे लोग भी इतने नहीं थे... इतना मछली निकलता था कि पूछो मत... अरे कुछ तलाबों की मछली तो हमलोग मारना भी भूल जाते थे, खूब बड़ी हो जाती थीं मछलियाँ...

टेना : ब बाह ! पिफर उसको क क कहां ब बेचते थे ?

बाबा : अरे उस बखत सब तेरी तरह कामचोर नहीं थे... अंधेरा रहते ही बीसों आदमी का टोला निकलता और कंधे पर भार उठाकर दस कोस दूर सहर की आढ़त में सुबह सबेरे तक मछली पहुंचा आता कितना बढ़िया गीत गाते थे हमलोग...

रघुआ : तो अब कौन सा कमी है बाबा ! अब तो नया जुग आ गया है, थोड़े ही दिन में ही खूब मछली पैदा करने का उपाय निकल गया है... गाड़ी मोटर आ गया है...

जीतू : रहने दो, रहने दो अपना गेयान का बात... मान लिए कि छोटा ही सा तलाब में खूब मछली पैदा हो जाता है, मगर जल्दी खराब भी तो होता है... कोपरेटिव तो बना मगर मछली को बाजार पहुंचाने का क्या उपाय हुआ ? उसको सड़ने से बचाने के का हुआ ? उस समय तो तुमही खूब आगे आगे हो रहे थे...

मछुआ : गलती सिरपफ इसका नहीं है जीतू, हम भी उस समय सब बात में हां हां करते गए...

नन्दू : तो काहे करते गए ! डाकटर सलाह दिया था का ?

मछुआ : अब का करें... हमलोग ठहरे गंवार देहाती आदमी, ओपिफसर लोग आकर का का बोला हम कुछ समझे और कुछ समझे भी नहीं...

जीतू : लो और सुन लो... जब बात समझ में नहीं आया तो का जरुरी था मुंडी हिलाने का !

रघुआ : अरे तो का करते... एक तो इतना दूर गांव में कोई जल्दी आता नहीं है... पिफर हमलोग सोचे कि भाई सरकार तो सबके भलाई का ही काम करती है, तो जो होगा सो भलाई का ही बात होगा न ! यही सोचकर हां कर दिये...

मछुआ : हां भाई जीतू.. असल में हमलोगों की भासा तो वो लोग समझते भी नहीं थे न! तो का बात करते, वैसे कोपरेटिव बनने से हमारा कुछ बुरा तो नहीं ही हुआ है..

जीतू : तो भला भी तो नहीं हुआ..

बाबा : इसीलिए न कह रहे हैं बेटा कि अपना धंधा भी करो और दूसरा काम भी करो..

इसी समय सुगनी भी आ जाती है और बाबा की बात सुनकर कहती है...

सुगनी : बाबा ठीक कहते हैं.. हम तो यही कहेंगे कि कुछ न कुछ उपाय जरुर करिये आपलोग कि हमारे बाल बच्चे भी आगे बढ़ें.. कुछ हमरी जिनगी भी सुधरे...

रघुआ : कहने से तो नहीं हो जाता है भउजी... हमलोग जनम से यही काम सीखे हैं, हम अब और का काम करें... ?

काका : ठीक.. बिल्कुल ठीक कहता है रघु... अरे सोचो ! सोचो !!!... जो काम हमरा रोंआ रोंआ में बसा हुआ हय, उसको छोड़ के हम और का करेंगे ? दूसरा काम में हमारा कलेजा कितना दिन जुड़ेगा !! कितना दिन, बोलो ? कितना दिन...?

काका के इस सवाल पर सभी विह्वल हो जाते हैं.... अपने अपने स्थान पर सभी स्थिर हो जाते हैं... नट और नटी प्रविष्ट होते हैं

नट+नटी : सवाल है सवाल, जबाब चाहिए.... सवाल है सवाल, जबाब चाहिए....
हमको भी जीने का हिसाब चाहिए... सवाल है सवाल, जबाब चाहिए....

नट : तो मेरे दिलदार.. अब इस गांव का क्या होगा ? और क्या होगा हमारे नाटक का ?

नटी : ऐ मेरे सरकार, तो लीजिए जबाब है तइयार....

इसके साथ ही नटी दौड़कर बाहर जाती है और मछली रानी को साथ लेकर आती है, पार्श्व से गीत शुरू होता है... उसपर दोनों नृत्य करती हैं...

गीत :
सबने मिलकर जब है ठानी
शुरू करो एक नई कहानी

बदलो खुद को, बदलो दुनिया
छोड़ो बात जो भई पुरानी

नई राह बतलाएगी... जहां चाह पहुंचाएगी
कहती है.. ये मछली रानी...
सबने मिलकर जब है ठानी
शुरू करो एक नई कहानी...

गीत+नृत्य सभी :
मछली मछली.... जल की रानी...
तेरी बात... हमसब ने मानी.....

नृत्य करते हुए सभी प्रस्थान करते हैं....

महाजाल (दूसरा भाग)

(मछुआरों के जीवन पर एक लघु नाटक)

नट और नटी पार्श्व से बजते नक्कारे और अन्य मिश्रित धुनों पर नृत्य करते हुए प्रविष्ट होते हैं... नृत्य संकेत में पिछले भाग की कथा को इंगित करता है नृत्य और अभिनय के द्वारा... इसकी समाप्ति के बाद सहज होने का अभिनय करता हुआ

नट : तो मेरी दिलदार... अब तुम्हारा क्या इरादा है, हमारे दर्शकों से आज क्या वादा है ?...

नटी : मेरे सरकार हम क्या कहें... महाजाल में पफंस गए, अब नदी में कैसे बहें ?

नट : ओह ... तो ऐ बात है... अरे सुनो, सुनो सुनो... कोई मेरी मदद करेगा क्या ? दौड़ो दौड़ो... जल्दी आओ भाईयो... हाय हाय... सुनो सुनो.... मदद मदद... जल्दी दौड़ो...

नटी दौड़ने का अभिनय करती है और एक कोने से दौड़कर नट के सामने आकर हांपफने का अभिनय करती हुई...

नटी : का हुआ भईया... काहे बुलाते हो...

नट : अरे देखो न ! हमारी कहानी महाजाल में पफंस गयी...

नटी : कहानी ! महाजाल में !! यह क्या कोई नए जात की मछली है भाई ?

नट : अरे यह मछली नहीं है... भाइयो, बहनो.... मेहरबान.... कदरदान.... यह मछली नहीं... मछुआरों की कहानी है...

नट+नटी : कहानी जो महाजाल में पफंस गयी.... नीतियों के दलदल में धंस गयी...

नटी : कहानी जो सुगनी और मछुआ की है...

नट : कहानी जो जीतू और रघुआ की है...

नट+नटी : अपनी समस्याओं के महाजाल में पफंसकर छटपटा रही है... बाहर आने को कसमसा रही है...

नटी : बस बस बस मेरे सरकार... बस्ती की चौपाल पर सब जमा हैं....

नट : ऊं... देखूं... हां... ठीक कहा मेरी दिलदार... लगता है आज कुछ होनेवाला है...

नटी : चलो चलो हटो.... हटो हटो भाई... दर्शकों को नाटक देखने दो....

नट : अरे रे रे रे.... हम तो बीच में ही आ गए... मापफ करना भाइयो...

दोनों बाहर चले जाते हैं.... चौपाल और भीड़–भाड़, लगभग सभी जमा हैं.... एक दो अधिकारी के वेश में भी उपस्थित हैं....

मछुआ : अब हम का बोलें सर, ईहे लोग जादा पढ़ा लिखा हय, आपका बात को इहे समझेगा....

अधिकारी : ऊ कहने से होगा, अरे तुमको हम पहिले से जानते हैं... तुम ही गांव के लीडर हय... हम तो तुमको ही जानते हैं भाई...

मछुआ : नईं साहेब, आप इसी से बात कर लीजिए... नईं तो पाछे ई वकील जइसा जिरह करता हय...

अधिकारी : अछा जी बोलो... का नाम हुआ तुम्हारा...?

जीतू : जीतू...

अधिकारी : का बात हय जी कहो ?

जीतू : नईं, हमरा का बात रहेगा ! हम तो सबका बात को ही न बोलते हैं...

अधिकारी : अछा तो बोलिए न ! का हुआ ?

जीतू : कुछ नहीं, का होगा ! आपलोग कहते हैं तो अपना काम जरुर करेंगे... लेकिन हमलोग का बात को सुनने के लिए कौन बैठा हय जो ?

अधिकारी : अरे भाई आपका बाते सुनने के लिए हम आए हैं, कहिये ?

जीतू : खाली बात सुनने से तो नईं होगा न साहेब ! कुछ काम भी तो करना होगा...

अधिकारी : अरे तो बोलो न का काम चाहिए... तलाब बनवा दें !

जीतू : सब कीजिए लेकिन समय पर कीजिए...

बाबा : चुप रह... साहेब लोग से कइसे बोलता हय रहे !...

अधिकारी : नईं... नईं कोई बात नहीं है... बोलो जी जीतू...

जीतू : हम अब और का बोलें !... बरसात का पहले जीरा–ऊरा मिल जाता, सही चीज मिलता तब न आदमी ठीक से मछली पालेगा... अब चाहे तो बीजा ओतना दूर आपका ओपिफस में मिलता हय चाहे बेपारी लाता हय तब मिलता हय... किसी का कोई गरांटी नहीं है...

रघुआ : हां साहेब पिछला बरिस चार बार ऑपिफस गये तब जाके पता चला कि अगिला हप्ता से मछली का जीरा मिलेगा... पूरा साढ़े तीन सव भाड़ा खरचा किये तब पांच सव का जीरा लाये...

अधिकारी : अरे भाई तो पफोन कर लेते...

नन्दू : ऐहां का पफोन का भरोसा रहेंगे तब तो दूसरा सीजन भी निगल जाएगा...

अधिकारी : तो कोई बात नहीं है भाई हमलोग जीरा सस्ता भी तो देते हैं... कितना सबसीडी देते हैं नहीं देखते हैं... एतना में के देगा आपको...

टेना : क क का... स स सब... डीडी ?

रघुआ : चुप रे... हम तो कहते हैं साहेब कि ईघर हमलोगों का गांवे तरपफ बीजा मिलने का इंतजाम कर दीजिए...

जीतू : और का... इघर ही मछली जीरा तइयार करने से छोटा–बड़ा सब किसान मछली पाल सकेगा...

मछुआ : अरे सो तो ठीक है जीतू, मगर तलाब का का करेंगे...

अधिकारी : काहे जी ! तलाब हमलोग नहीं खुदवाते हैं का ?

जीतू : अब हम का बोलें, आप खिसाइये जाइएगा साहब...

अधिकारी : अरे नहीं जी, तुम बोलो न !

जीतू : तीन बरस पहिले भी तो बना था तालाब... जहां मन किया बना दिए...

अधिकारी : अब उसमें हम का करें... जो जगह मिलेगा वहीं न बनेगा...

नन्दू : सो तो आपही जानिए साहेब, लेकिन उसमें तो कभी मछली पालने जइसा पानी रहता ही नहीं है एकदम बेकार जगह में बना हय...

बाबा : ई बात तो बचवा ठीके कहता हय साहेब... टांड़ जइसा जमीन में तलाब खोदने से पानी कइसे रहेगा...

अधिकारी : देखिए भाई, आपलोग जानकारी रखिएगा तब्बे न ! सरकार कितना स्कीम चलाया हय... हमलोग तो आतही रहते हैं... एक्सपर्ट लोग का सलाह लीजिएगा तो सब ठीक हो जाएगा... समझे !

सुगनी : हमरा तो इहे सलाह होगा हजूर कि जनाना लोग का भी कुछ परबंध कर दीजिए... बड़ा मोसकिल होता हय, हमलोग को सड़क के किनारे मछली बेचना पड़ता हय... धूप, धुला, पानी सब सहना पड़ता हय... बहुत खराब लगता हय हजूर...

अधिकारी : हं हं... सब होगा भाई आपलोग मछुआ को हमारे ऑफिस में भेज दीजिएगा... हम अपना एक्सपर्ट को भेज देंगे, ऊ सबका जानकारी देगा आपलोगों को... अच्छा अब हम जाते हैं... एक दू मिलेज में आउरो जाना हय...

बाबा : हं–हं... जाइए बाबू... अच्छा ! परनाम... जा रे मछुआ साहब को छोड़ के आ... चलो अब तुम लोग भी चलो...

नट और नटी नृत्य करते हुए प्रविष्ट होते हैं.... बाकी सभी कलाकार स्थिर हो जाते हैं...

नट+नटी : नमस्ते नमस्ते... नमस्ते नमस्ते... हम तो आते भईया करो नमस्ते... तुम तो जाते भइया करो नमस्ते नमस्ते नमस्ते ... नमस्ते नमस्ते...

नट : जल्दी में हैं, करो नमस्ते...

नटी : गलती में हैं, करो नमस्ते...

नट+नटी : अटपट आये नमस्ते नमस्ते... झटपट गये नमस्ते नमस्ते... नमस्ते नमस्ते... नमस्ते नमस्ते...

नट : तो भाईयो... एक गए और दूसरे आते हैं...

नटी : मछुआरों को मछलीपालन की नई तकनीक समझाते हैं...

संवाद के साथ ही नट–नटी किनारे जाकर स्थिर हो जाते हैं और झारीटेदार संगीत के साथ ग्रामीण चैतन्य होते हैं...

टेना : नन्दू भइया ! ई ई ई... इसकीम क क का होता हय...

जीतू : ओही जो तुम और नन्दू बईठ के मंगरु का खेत से खीरा चोराने का तरीका बनाते हो न ! उसी को इसकीम कहते हैं...

टेना : क क का जीतू भ भ भइया... भाग... अच्छा ई ए ए ए सपरट... क का ...

जीतू : अरे चुप... सब बतलाने का ठीका हमहीं लिए हैं का ...

रघुआ : देखो जीतू... बस्ती में ज्यादा पढ़ा लिखा तुमहीं हो... तो आदमी किसका आसरा करेगा... बेचारा पूछ रहा है तो बताते काहे नहीं हो, आंय...

जीतू : अंह, बेचारा ! दिन में दस बार तो तुम इसको थोथड़ा कहते हो, अभी बेचारा हो गया !

रघुआ : अरे नहीं जानते हो तो सीधे काहे नहीं कहते...

जीतू : हां, नहीं जानते हैं... कोई तुमरा धरते हैं का बताने का...

बाबा : अरे काहे बात बात में लड़ता हय रे तुमलोग ?... सब मिल बैठ कर कुछ उपाय करता तो जब देखो, बस कांव–कांव... ओह रे ई गरम खून !!

काका : हां–हां चलो बैठो, आज मछुआ ऊ साहेब को लाने गया है, आता ही होगा अब...

जीतू : आएगा तो का होगा, वही सब आसन भासन देगा न !... कोई पइसा तो नहीं दे देगा !

नन्दू : पइसा से ही सब होता हय का जीतू ?

जीतू : तो का खाली भासन से होता हय ! अइसे मछली पालो, एतना दिन में खाद डालना, एतना दिन में दवाई देना... मछली का बच्चा अइसे करने से बढ़िया होता है... तो पफलाना जाति का मछली से ज्यादा कमाई होगा... ई सब बात कोन नहीं जानता है...

काका : देखो भाई... अब सब नया नया बात तो हमलोगों को पता नहींए चलता है भाई...

रघुआ : ई बात ठीक है भाई, सब किसान को ठीक से नया बात का जानकारी नहीं मिलता है... लेकिन जीतू भी ठीक कहता है... बिना पूंजी के खाली जानकारी से का पफायदा होगा... सरकार इसके लिए तो कुछ करबे नहीं करता है...

बाबा : काहे रे रघुआ... लोन तो मिलता ही है न !

जीतू : अंह, लोन का इतना असान है ? दस जूता घिस जाएगा...

नन्दू : अरे हमसे पूछो न ! पिछला बार लोन का उम्मीद में हम भी हिम्मत किए थे न !... समय से लोन मिल ही जाएगा-सोच के साहू से पइसा ले के जीरा–बीज खरीदे... दूसरा इंतिजाम सब किए लेकिन हुआ का ?

जीतू : छोड़ो नन्दू, ई बात सबको पता है...

टेना : ह ह हमको नईं ह ह है पता ?

जीतू : अरे चार महीना बैक, तो ब्लौक तो मछली ऑपिफस तो कहां कहां दौड़ा... जब तक इसको लोन मिला न ! तब तक साहू का पइसा बढ़ के तीन गुना हो गया टेना... बेचारा पूरा पइसा उठा के सीधे साहू को दिया और मछली बेचा उससे बाकी करजा चुकाया...

काका : ई सब तो संजोग का बात हय भाई...

रघुआ : संजोग का बात नहीं है काका, ई सब लापरवाही का बात हय... समय से पईसा मिल जाता तो बेचारा साहू से उधर काहे लेता... एतना दौड़–धूप करके इसको का मिला ? मछली खाया वही न इसका कमाई हुआ... आखिर तो घर चलाने के लिए दूसरा उपाय करना ही पड़ा...

टेना : ओ देखो म म मछुआ भ भ भ...

रघुआ : बस बस रहने दे... समझ गए हमलोग... आइए... परनाम साहेब...

नए अधिकारी के साथ मछुआ आता है... सब अभिवादन करते हैं... बाबा उसको चबूतरे पर बैठा कर खुद नीचे बैठते हैं...

नया अ. : वड़क्कम जी... बड़क्कम...

टेना : ब ब बड़कम् ?

नया अ. : अम नमस्कार किया जी...

सभी फिर नमस्कार करते हैं.

नया अ. : यू नो... अम टेकनिकल... तुम जो बी पुछेगा... अम बताएगा!...

मछुआ : हम का पूछें बाबू... हमारे बस्ती में भी मछली का अच्छा कारोबार चले, सबको रोजगार मिले... उसका कुछ उपाय बताते तो ठीक होता...

नया अ. : अइयो... कारोबार... मिस बिजनेस... देको.... अम तो टेकनिकल... मचली केसे पालता... केसे बहुत ओता सो बताता... बिजीनेस इज नाट माई पारट... बट यू नो... अम बोत घूमा... एक बात बोलेगा... तुमलोग सेल्फ ऐल्प ग्रुप काय नई बनाता ?

रघुआ : का बोले साहेब ! का ग्रुप ?

नया अ. : यू नो... मिल जुल के अपना मदद आप में करो जी...

बाबा : वही तो हम ई लोग को समझा रहे हैं... अब मछुआ बात उठा ही दिया है और सब लोग जमा हो ही गये हो तो सब मिल जुल कर काम करो बच्चों...

नया अ. : अइयो पादर ठीक बोलता जी... अपना मदद करेगा तो बगवान बी मदद करेगा...

नन्दू : इसका मतलब कि हमलोग अपना पइसा लगायें... सब मिल के थोड़ा थोड़ा भी करके पूंजी खड़ा करें...

रघुआ : सो तो हो जाएगा नन्दू... मगर तालाब कहां से लाओगे ? मछली पालने के लिए तालाब कौन देगा हमको ? बोलिए साहेब...

नया अ. : यू नो... इसमें अम कुच नई बोल सकता... अम तो टेकनिकल... दिस इज गारमेंट पारट.... तुमलोक गारमेंट को एप्लाई करेगा तो पांड मिल सकता... यू नो... गवरमेंट दे सकता जी...

जीतू : आप हमलोगों को दस साल के लिए तालाब दिलाइये न सर ! फिर देखिए हम का करते हैं सो...

नया अ. : नो नो नो... यू नो अब कुच नई कर सकता... तुम सेल्फ ऐल्प ग्रुप बनाओ आर गारमेंट को एप्लाई करो... अम अइसा दूसरे जगह में देका ... यू नो... मॉडल बिलेज... अइयो... कितना सुंदर...

नए अधिकारी के साथ सभी स्थिर होते हैं... नट और नटी नृत्य करते और गीत गाते आते हैं....

नट+नटी : हमने देखा सुंदर गांव.... मछुआरों के रहने का कितना सुंदर ठांव...

नट : साथ हैं जीते, साथ हैं मरते...

नटी : अपनी मदद वे आप हैं करते...

नट+नटी : साथ हैं जीते, साथ हैं मरते... अनी मदद वे आप हैं करते
बना लिया है उन्होंने अपना... हो... ओ... बना लिया हैं उन्होंने अपना

नट : एक छत के नीचे चांव...

नट+नटी : हमने देखा सुंदर गांव... मछुआरों के रहने का कितना सुंदर ठांव...

नटी : अय हय मेरे सरकार ! ये चांव क्या बला है, जो तुमने गीत में डला है ?

नट : अरी बावरी सुन... चाहो, आओ और पाओ... इसलिए बनाया चांव....

नटी : अरे रे रे रे... ये क्या अंड बंड बोलने लगे !.... वैसे भी दर्शक बोर हो रहे हैं.... ये सब करोगे तो सड़े टमाटर मिलने लगेंगे हां...

नट : देखो नटी... वह जो गांव है न ! वहां पर एक ही घर में मछुआरों को सब सुविधा मिलती है... एक ही छत के नीचे... समझी...

नटी : अरे तो क्या मैंने नहीं देखा है ? वहां तो एक ही छत के नीचे लोन भी मिलता है और मछली के लिए बीज चारा, दवाई, साजो सामान के साथ साथ हर तरह की जानकारी भी ... तब ही तो...

नट : हां... तब ही तो है वह...

नट+नटी : एक ऐसा सुंदर गांव, एक ऐसा सुंदर गांव...
मछुआरों के रहने का, जो है सुंदर ठांव...

नटी : खूब मछलियाँ पैदा करते...

नट : ढंग से जीते, ढंग से रहते...

नट+नटी : नहीं होती है उनमें आपसी.... ओ हो... नहीं होती है उनमें आपसी...
झंझट और ना कांव–कांव...

नट+नटी : हमने देखा सुंदर गांव... मछुआरों के रहने का कितना सुंदर ठांव...

नट नटी जाते हैं, बाकी कलाकार पुनः चैतन्य होते हैं

नया अ. : अइयो... ऐसा मॉडल गांव... देखने का जी...

मछुआ : हमलोग भी अइसा कर सकते हैं का साहेब...?

नया अ. : यू नो... आदमी चाअता तो सबकुच कर सकता... आदमा चाआ, चांद पर गया... तुमलोग चायेगा तो मचली कूब ओगा... यू नो... लाइफ चैंज ओ जाएगा... तुमलोग अमको बोलेगा तो अब टैकनिकल सपोट देगा...

जीतू : सो सब तो हो जाएगा साहेब ! मगर कभी अचानक काई कारन से मारा हुआ मछली नहीं बिका और सारा सड़ गया तब... एक ही बार में सारा बिजनेस चौपट...

नया अ. : अइयो... इन्श्योरेंस... उदर का मिलेज में मचली का इन्श्योरेन्स बी किया... अइसा करने से बिजनेस पूरा सेप ओगा जी... यूनो

मछुआ : लेकिन सो अब हमलोगों के लिए कौन करेगा साहेब ?

नया अ. : अम तो नईं कर सकता... ओनली गारमेंट... गारमेंट पॉलिसी देगा तभी कुच ओगा... यू नो ... तुमलोग डिमांड करेगा तो ओ सकता अय...

नन्दू : बाप रे ! इतना सब बात... ई सब हमलोगों को कौन बताएगा रोज रोज...

बाबा : अरे भाई तुमलोग बात को समझो बेटा... समझो...

टैना : क का समझें बाबा... अ आगे तो अंगरेजी और ब ब बाद में ई स साहेब का भ भ भासा... कइसे स स समझें

बाबा : देखो बेटा... पहले अपना मदद खुद करने का मन बनाओ... फिर सब मिल के एक आदमी को चुनो... वही तुम लोगों को सब बात समझा देगा...

मछुआ : हम तो कहेंगे जीतू को चुन लो और अभिये से काम सुरु करो...

नया अ. : अइयो... एकदम ठीक... एक आदमी चुनेगा तो उसको सब तरअ का टेकनिकल नोलेज अम देगा... ओ पूरा से ट्रेण्ड ओ जाएगा... तब तुमलोग का काम अचा चलेगा...

रघुआ : तो हम अभिये इसके लिए जीतू को चुनते हैं... का भाइयो... का कहते हो...

सभी : हां... हां... एकदम ठीक रहेगा...

नया अ. : अइयो... बहुत अचा जी... तब अबी अम जाता... यू नो... अब तुमलोग टीक... अचा काम करेगा... ओ कआ अय न... ईफ देअर इज अ विल... देअर इज अ वे...

टेना : ई क क का बोले स स सर ?

जीतू : इसका मतलब हय टेना ... जहाँ चाह, वहाँ राह... समझे...

सभी : हां हा भाई समझे...

फिर सभी स्थिर होते हैं...और नट नटी आते हैं...

नट+नटी : चल पड़ी चल पड़ी चल पड़ी... इस गांव की गड्डी चल पड़ी...
खुदकी मदद को तइयार... चुनके एक जानकार... निकल पड़ी...
चल पड़ी चल पड़ी चल पड़ी... इस गांव की गड्डी चल पड़ी...

नटी : तो मेरे सरकार... इस गांव की कहानी तो हो गयी खत्म...

नट : हां, और मछुआरों को अपनी तरक्की का हो गया है इल्म...

नटी : तो अब हम चलें...

नट : हां, चलें...

नट+नटी : तो मेहरबान... कदरदान... श्रीमती और श्रीमान्... आपने हमारा नाटक देखा... आपको बहुत बहुत धन्य...

नटी : अरे अरे सरकार... एक मिनट... उधर तो देखिए...

नट : आंय... अरे ! मछली रानी !!...

मछली नारी नृत्य करती आती है...

गीत :

मैं हूं मछली जल की रानी
अपने ढग से जीती हूं...
अपनी मदद जो करते हैं,
संग उन्हीं के रहते हूं
मैं हूं मछली जल की रानी...
चलो संग संग तुम भी हमारे
ओ मेरे प्यारे मछुआरे...
मैं हूं मछली जल की रानी

प ट ा क्षे प

English Script

Mahajal – The Big Fishing Net
A drama based on the lives of fisherfolk

Act One

Enter Nati (the Female Narrator). She is acting as if she has a basket-load of fish on her head and, moving around, announces the availability of fresh fish for sale. Nat (the Male Narrator) looks at her as if very surprised.

Nati Fish … fresh fish … take away … buy … fish … fresh fish.

Nat *(Surprised)* Fish … fresh fish … Oh, shit! … Fish … shit!

This is repeated once more around the "stage".

Nati Take some fresh fish … fresh fish.

Nat Fish … Oh, shit!

This is repeated again to attract a crowd.

Nati Take some fresh fish … fresh fish.

Nat (*Suddenly coming in front of Nati, jumping)* Oh, my dear, what is all this? … What are you carrying? … You didn't even tell me, you cheat!

Nati	Oh, my dear, you appear to be sick again … Forgotten what we have to show today … What have we to tell our audience today?
Nat	Oh dear, just look here … I am Nat … How can I forget? … Our work is well known.
Nat and Nati	We have to show a play to the public.
Nati	Then let us begin!

Nat and Nati start singing and dancing together.

Nat and Nati	Oh brothers … we tell you a story.
Nat	We tell you worthy words, Oh brothers.
Nati	The story is of a far-off village.
Nat	From the cool shade of the *peepul* tree.
Nati	Shh … shh … shh … Silence … Look who is coming, my dear.
Nat	Oh dear, This is … This is … Our …
Nati	Ah … Ah … Ah … My dear, don't say anything, we have to stay quiet.

Enter the Queen Fish, dancing to a tune and a beautiful song from the background. When the song is over, the Queen Fish exits. The narrators come back to action.

Nati My dear, make me clear … What's the significance of the Queen Fish?

Nat Oh dear, don't argue … the Queen Fish has come with a message.

Nat and Nati Oh brothers, this is the story of fishermen … of those unlucky ones.

Nat From a far-off village … without any road and electricity.

Nati Walk six miles to reach the road head … where everybody sleeps soon after sunset as there is no light.

